प्रदेश की 158 निकायों के परिसीमन का काम अगले महीने से शुरू होगा

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। प्रदेश में अगले महीने से 158 नगरीय निकायों (नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद) के परिसीमन का काम शुरू होगा। राज्य सरकार ने शुक्रवार को आदेश जारी करते हुए इन निकायों के परिसीमन का ड्राफ्ट तैयार करके सरकार को आठ फरवरी 2025 तक भिजवाने के आदेश दिए हैं। बड़ी बात ये है कि इन निकायों में वार्डों का परिसीमन पुरानी जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार ही किया जाएगा।

स्वायत्त शासन निदेशालय से जारी आदेशों के मुताबिक प्रदेश में 49 नगरीय निकाय ऐसी है, जिनका कार्यकाल इसी महीने पूरा हो रहा है। वहीं 100 से अधिक नगरीय निकाय ऐसी हैं, जो नई बनायी गई हैं, और उनका कार्यकाल दिसंबर तक खत्म होने वाला है। ये नगरीय निकाय पंचायतों से क्रमोन्नत होकर नगर पालिका बनाई गई हैं। सरकार के जारी आदेशों के मुताबिक जिला निर्वाचन अधिकारियों को 1 दिसंबर से परिसीमन का काम शुरू करना होगा और उसका पहला ड्राफ्ट प्लान 30 दिसंबर तक बनाकर प्रकाशित करना होगा।

जनसंख्या	वार्डों की संख्या
15000 तक	20
15001 से 25000 तक	25
25001 से 40000 तक	35
40001 से 60000 तक	40
60001 से 80000 तक	45
80001 से 100000 तक	55
100001 से 200000 तक	60
200001 से 350000 तक	65
350001 से 500000 तक	70
500001 से 1000000 तक	80
1000001 से 1300000 तक	100
1300001 से 1500000 तक	110
1500001 से 2500000 तक	130
2500001 से 3500000 तक	150

राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि, सीमांकन के दौरान इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कोई भी वार्ड एक से अधिक थाना क्षेत्र या पुलिस उपायुक्त क्षेत्राधिकार में नहीं आए। एक वार्ड केवल एक ही पुलिस थाना क्षेत्र में आएगा। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र का भी ध्यान रखा जाएगा, ताकि कोई वार्ड की सीमा एक से अधिक विधानसभा क्षेत्र में न हो।

बताया जा रहा है कि 1 से 30 दिसंबर तक जिला निर्वाचन अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र की नगरीय निकायों का परिसीमन करके उसका ड्राफ्ट प्लान तैयार करके 30 दिसंबर तक प्रकाशित करवाना होगा। इसके बाद 31 दिसंबर से 19 जनवरी 20025 तक इस ड्राफ्ट प्लान पर आपत्तियां मांगी जाएंगी। ततपश्चता 20 जनवरी से 8 फरवरी तक इन आपत्तियों और दावों पर टिप्पणी सहित सम्पूर्ण परिसीमन की रिपोर्ट राज्य सरकार को भिजवानी होगी। राज्य सरकार इन आपत्तियों का निस्तारण 9 फरवरी से 1 मार्च तक करेगी।

इसके अलावा राज्य सरकार ने एक अन्य आदेश जारी करते हुए नगरीय निकायों में जनसंख्या के अनुरूप वार्डों की संख्या भी तय की है। स्वायत्त शासन निदेशक कुमार पाल गौतम ने इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी किए। आदेश के अनुसार न्यूनतम 15 हजार की जनसंख्या पर 20 वार्ड तथा अधिकतम 35 लाख की आबादी पर 150 वार्ड ही रखे गए हैं।

- **स्वायत्त शासन निदेशालय से जारी आदेशों के मुताबिक प्रदेश में 49 नगरीय निकाय ऐसी है, जिनका कार्यकाल इसी महीने पूरा हो रहा है। वहीं 100 से अधिक नगरीय निकाय ऐसी हैं, जो नई बनायी गई हैं, और उनका कार्यकाल दिसंबर तक खत्म होने वाला है।**
- **इसके अलावा राज्य सरकार ने एक अन्य आदेश जारी करते हुए नगरीय निकायों में जनसंख्या के अनुरूप वार्डों की संख्या भी तय की है। स्वायत्त शासन विभाग के आदेशानुसार न्यूनतम 15 हजार की जनसंख्या पर 20 वार्ड तथा अधिकतम 35 लाख की आबादी पर 150 वार्ड ही रखे गए हैं।**

महेश नगर में 5 मंजिला अवैध निर्माणाधीन कॉम्पलेक्स सीज

जे.डी.ए. की बिना परमिशन बनायी जा रही थी इमारत

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) के प्रवर्तन दस्ते ने शुक्रवार को महेश नगर में 5 मंजिला निर्माणाधीन अवैध कॉम्पलेक्स को सीज किया।

उपमहानिरीक्षक कैलाशचंद्र विश्नोई ने बताया कि महेश नगर स्थित भूखंड़ संख्या सी-16 की जमीन पर जे.डी.ए. की बिना परमिशन 5 मंजिला बेसमेंट समेत 5 मंजिला अवैध इमारत बनाई जा रही थी। भूखंड़ मालिक को नोटिस जारी कर अवैध निर्माण बंद करने को कहा था, साथ ही स्वामित्व और निर्माण स्वीकृति संबंधी दस्तावेज भी मांगे गए थे। इसके बावजूद निर्माणकर्ता ने अवैध निर्माण कार्य बदस्तूर जारी रखा, इस पर शुक्रवार को टीम ने इस पांच मंजिला इमारत को सीज कर दिया। यहां पर जे.डी.ए. की इंजीनियरिंग टीम की मदद से बिल्डिंग में प्रवेश के सभी द्वार और खिड़कियों पर ईंटों की दीवार चुनवाकर पुख्ता सीलिंग कार्रवाई की गई।

- **प्रवर्तन टीम ने 22 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही दो कॉलोनियां भी ध्वस्त कीं**

इसी तरह जोन-14 में सांगानेर में वाटिका से लोखना रोड पर 10 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू-रूपान्तरण अवैध कॉलोनी बसाने की तैयारी चल रही थी। काश्तकार ने जमीन समतल करके यहां पर रातोंरात मिट्टी ग्रेवल की सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर लिए थे, जिन्हें जेसीबी मशीन से ध्वस्त किया गया। इसी तरह ग्राम वाटिका से निमडी रोड पर भी 12 बीघा कृषि भूमि पर भी इसी तरह अवैध कॉलोनी बसाने की तैयारी चल रही थी, टीम ने यहां भी कार्रवाई करके सभी अवैध निर्माण ध्वस्त किए।

इसके अलावा आमेर में नई माता मंदिर व्यास की मोरी दिल्ली रोड पर जेडीए स्वामित्व के आम रास्ते पर कब्जा-अतिक्रमण कर मिट्टी व पत्थरो की दीवार, तारबंदी व झाड़ियां लगाकर रास्ता बंद किया हुआ था, प्रतर्वन टीम ने उसे भी सुचारू करवाया।

बिना अनुमति एरियल केबल बिछाई तो सीज होगा टेलीकॉम कंपनी का दफ्तर : उपायुक्त

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर उपायुक्त राजस्व प्रथम अशोक कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को विभिन्न टेलिकॉम सेवाप्रदाता कंपनियों की वार्षिक शुल्क राशि, अनाधिकृत, अवैध केबल, स्वीकृति के विपरीत एरियल केबल, क्रॉसिग व अन्य मुद्दों पर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त अशोक कुमार शर्मा ने कम्पनियों को बकाया वार्षिक शुल्क राशि अगले 15 दिवस में निगम कोष में जमा करवाने के साथ-साथ बिना अनुमति एरियल केबल स्थापित नहीं करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही कम्पनियों को रोड क्रांसिंग नहीं करने एवं अनुपयोगी एरियल केबल को पोल्स से हटाने के निर्देश दिये गये, अन्यथा भविष्य में पोल्स से अनाधिकृत, नियम विरूद्ध केबल काटने के साथ-साथ सक्षम स्वीकृति पश्चात संबंधित कम्पनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने की कारवाई व कॉरपोरेट ऑफिस भी सीज-कुर्क किये जाएंगे।

'उज्जैन और अयोध्या तीर्थ की तर्ज पर गलताजी में भी बनेगा कॉरिडोर'

संतों के पैनोरमा निर्माण, मंदिरों की मरम्मत-जीर्णोद्धार और दर्शनार्थियों के लिए सुविधाएं विकसित करने का कार्य होगा : कलेक्टर जितेन्द्र सोनी

जयपुर (कासं)। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को गलता तीर्थ की प्रबंध व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक का आयोजन हुआ। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिकारियों को मंदिर ठिकाना गलता जी के सुचारू प्रबंधन व संचालन के निर्देश दिए गए।

बैठक में पुराना घाट से गलताजी तक पहुंचने के लिए संपर्क सड़क की मरम्मत करने, गलताजी परिसर के मंदिरों में मरम्मत-जीर्णोद्धार करने, गलताजी में उज्जैन-अयोध्या जैसे तीर्थ की तर्ज पर कॉरिडोर का निर्माण करने, संतों के पैनोरमा निर्माण करने, दर्शनार्थियों की सुविधाओं का विकास करने आदि विषयों पर चर्चा की गई।

- **कलेक्टर ने अफसरों को गलताजी में साफ-सफाई करवाने, सड़कों की मरम्मत, वृक्षारोपण और अन्य व्यवस्थाएं तुरंत करवाने के निर्देश दिए**

इसके साथ ही अधिकारियों को गलताजी परिसर घाट के बालाजी व आसपास के क्षेत्र व कुण्डो की नियमित साफ-सफाई करवाने, रोड लाइट का प्रबंधन करने, गलताजी परिसर व गलताजी के अधीनस्थ सभी मंदिरों के बिजली व कनेक्शन गलता मंदिर के नाम करने की कार्यवाही करने, दर्शनार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुचारू रखने, सड़क के दोनों ओर वृक्षारोपण का कार्य करने तथा पार्किंग की व्यवस्था दुरुस्त करने, दान पेटियों के रखरखाव व क्यूआर कोड लगवाने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) आशीष कुमार, एसडीएम जयपुर राजेश जाखड़ सहित जेडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, वन विभाग, देवस्थान विभाग, पीडब्ल्यूडी, जलदाय विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को गलता तीर्थ की प्रबंध व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक आयोजित हुई।

'कचरा प्रोसेसिंग प्लांट का सुचारू संचालन करवाएं'

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। हैरिटेज नगर निगम आयुक्त अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में शुक्रवार को सभी प्रोसेसिंग प्लांट प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर निगम जयपुर हैरिटेज की रैंकिंग को बेहतर बनाना था।

बैठक के दौरान आयुक्त अरुण हसीजा ने सभी प्लांट प्रभारियों को प्लांट्स में मौजूद कमियों को शीघ्रता से दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में उच्च रैंकिंग प्राप्त करने के लिए सभी प्लांट्स का सुचारू संचालन और उनकी गुणवत्ता में सुधार अत्यंत आवश्यक है।

आयुक्त अरुण हसीजा ने प्रत्येक प्लांट प्रभारी को उनकी जिम्मेदारियां समझाई और यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने नियमित निरीक्षण और मॉनिटरिंग पर भी विशेष जोर दिया।

बैठक नगर निगम जयपुर हैरिटेज की स्वच्छता और पर्यावरणीय प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को सफल बनाने में एक अहम भूमिका निभाएगी।

इस दौरान उपायुक्त स्वच्छता सर्वेक्षण सरिता मल्होत्रा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवन कुमार वर्मा सहित अन्य निगम अधिकारी मौजूद रहे।

'डीएपी आपूर्ति बढ़ाने के लिए राज्य सरकार निरन्तर प्रयासरत'

जयपुर। आयुक्त कृषि चिन्मयी गोपाल ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में डी.ए.पी. आपूर्ति में सुधार लाने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। साथ ही किसानों को डी.ए.पी. उर्वरक के विकल्प के तौर पर एसएसपी एवं एनपीके का उपयोग करने की सलाह दी जा कर वैकल्पिक उर्वरकों की खपत बढाई गई है। माह अक्टूबर 2023 की तुलना में अक्टूबर 2024 में एसएसपी का 76 प्रतिशत एवं एनपीके उर्वरकों का 221 प्रतिशत अधिक उपयोग किया गया है।

आयुक्त कृषि ने बताया कि देश में डीएपी उर्वरक की आपूर्ति काफी हद तक विदेशी आयात पर निर्भर है। इस साल आयात कम होने से पूरे देश में ही डीएपी की मांग व आपूर्ति का अन्तर बढ़ गया है, जिससे अन्य राज्यों के साथ-साथ राजस्थान राज्य भी प्रभावित हुआ है। राज्य में इस वर्ष रबी सीजन के दौरान अक्टूबर व नवम्बर माह में 2 लाख 81 हजार मै.टन मांग के विरूद्ध 2 लाख 8 हजार मैं टन (74 प्रतिशत) डीएपी की आपूर्ति हुई है। वर्तमान में राज्य में 41 हजार मै.टन डीएपी का स्टॉक उपलब्ध है जो औसत दैनिक डीएपी की खपत के आधार पर 10 दिन के लिए पर्याप्त है तथा 20 हजार मैं.टन आगामी 2-3 दिन में आपूर्ति होने जा रही है।

- **प्रदेश में डी.ए.पी, एसएसपी और एनपीके बुवाई के लिए पर्याप्त : कृषि आयुक्त**

शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी ने बताया कि राज्य सरकार भारत सरकार से समन्वय बनाकर अधिकाधिक डीएपी की आपूर्ति के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उर्वरको की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं नकली उर्वरको पर अंकुश लगाने के लिए कृषि विभाग द्वारा समय-समय पर विशेष गुण-नियंत्रण अभियान चलाये जाते है। रबी मौसम पूर्व सघन गुण-नियंत्रण अभियान दिनांक 15 सितम्बर से संचालित किया गया, जिसके तहत पूरे राज्य में विभागीय उर्वरक निरीक्षकों द्वारा 5478 कृषि आदान विक्रेताओं, निर्माताओं एवं खुदरा व्यवसायियों के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया तथा जिसमें कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अनियमितता पाये जाने पर 618 को कारण बताओ नोटिस, 58 विक्रय पर रोक, 39 प्राधिकार पत्र निलम्बित, 8 प्रतिष्ठानो पर उर्वरक जब्ती एवं 7 विक्रताओं के प्राधिकार पत्र निरस्त तथा 5 फ़र्मों के विरूद्व एफआईआर दर्ज कराई गई।

उर्वरक जब्ती कार्यवाही के अन्तर्गत बिना प्राधिकार पत्र के बंसल खाद बीज भण्डार, सीकरी डीग के सात अवैध गोदामों पर डीएपी के 3639, यूरिया के 7046, एसएसपी के 540 एवं जिंक सल्फेट के 20 कट्टे जब्त कर जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट से राजसात करवा दिया गया है।

जयपुर जिले में एनपीके एवं जिंक सल्फेट के कुल 41.51 मै.टन जब्त कर एवं बीकानेर में अवैध गोदामों से नकली डीएपी एवं पोटाश ड्राईव्ड फ्रोम मोलासिस (पीडीएम) के 305 कट्टे जब्त किये गये। कार्यालय जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर एवं बीकानेर में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत इस्तगासा दायर किया गया।

सार-समाचार

विकास और स्मिता ने सुरों से समां बांधा

जयपुर। जयपुर के मशहूर म्यूजिकल ग्रुप 'म्यूजिकल फैमिली' के सौजन्य से राजधानी जयपुर के इन्द्रलोक ऑडिटोरियम में "मिले जो कड़ी कड़ी" नाम से भव्य संगीत संध्या आयोजित की गई। जिसमें जयपुर और अन्य स्थानों से आए उभरते और प्रतिभाशाली गायक-गायिकाओं ने अपनी संगीत प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में जयपुर के कलाकार विकास चन्देलिया और स्मिता नवलखा ने अपनी सधी हुई गायकी से महफिल में समां बांध दिया और श्रोताओं की खूब तालियाँ बटोरी। आप दोनों कलाकार अपने अपने फन में महारथ हासिल है। गायन के क्षेत्र में आप दोनों का बड़ा लम्बा अनुभव है। विकास चंदेलिया ने जयपुर के राजस्थान संगीत संस्थान और विभिन्न संगीत गुरुओं से संगीत की शिक्षा ली है। स्मिता नवलखा संगीत की विभिन्न विधाओं में पारंगत है, गीत और ग़ज़ल गायन में आपका कोई सानी नहीं है। जयपुर के बड़े म्यूजिकल ग्रुप जयपुर कल्चरल सोसाइटी, आराधना म्यूजिकल ग्रुप में आपने अपनी कई शानदार प्रस्तुतियां दी है।

115 संकाय सदस्यों का सम्मान

जयपुर (कासं)। मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर में एमयूजे उत्कृष्टता पुरस्कार-2024 के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में शैक्षणिक, अनुसंधान, प्रशासन और संस्थागत निर्माण के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाले 115 संकाय सदस्यों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम वसंती आर. पाई सभागार में आयोजित हुआ। गौरतलब है कि मणिपाल विवि. जयपुर में अपना उत्कृष्ट योगदान देने और महत्वपूर्ण उपलब्धियों को हासिल करने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशंसा पुरस्कार दिया जाता है। इसी क्रम में यूनिवर्सिटी के विभिन्न क्षेत्रों में अपना अमूल्य योगदान देने के लिए वृतिगत उत्कृष्टता के लिए डॉ. रामदास एम.पई पुरस्कार वितरित किया गया। एमयूजे के हेड एचआर, एम.एस. श्रीधर ने बताया कि पुरस्कार की यह श्रेणी 9-बॉक्स मॉडल पर बनाई गई है, जिसमें व्यक्ति के प्रदर्शन और क्षमता के आधार पर मूल्यांकन होता है। एमयूजे के चेयरपर्सन वैथीस्वरन और मणिपाल ग्रुप के सीएचआरओ और अकादमिक अध्यक्ष निशीथ महांती के प्रति हेड एचआर श्रीधर ने आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री की देवनानी से मुलाकात

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान शर्मा ने देवनानी को ऑस्ट्रेलिया में आयोजित 67वें राष्ट्रमण्डलीय संसदीय संघ के सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने सहित चार देशों की सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष को दुपट्टा ओढ़ाकर बधाई दी। साथ ही, देवनानी ने मुख्यमंत्री को 'भारत विभाजन का दंश' पुस्तक भेंट की।

करोड़ों रु. के आईफोन-आईपैड चुराने वाले पांच गिरफ्तार

जवाहर नगर क्षेत्र स्थित मोबाइल शॉप में गत 6 नवंबर को बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया था

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। जवाहर नगर इलाके में 6 नंवबर को मोबाइल शॉप से हुई करोड़ों की चोरी की वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से चार बदमाश चोरी करने वाले और एक आरोपी चोरी का माल खरीदने वाला है।

पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित चुराए गए सामान को बांग्लादेश में बेचने की तैयारी में थे। लेकिन पुलिस ने इससे पहले ही इन्हें पकड़कर उनके पास से डेढ़ करोड़ के 74 नए आईफोन, 10 आईपैड, 13 रियलमी फोन समेत अन्य मोबाइल और सामान बरामद कर लिए गए हैं। इसके साथ ही 3.85 लाख रुपए की नकदी भी बरामद की गई है। साथ ही वारदात के दौरान उपयोग में ली गई कार को जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर के पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि छह नवंबर को सुबह जवाहर नगर थाना इलाके में पंचवटी सर्किल के पास मोबाइल की दुकान से चोरी की वारदात हुई थी। बदमाशों ने करीब 120 आईफोन, 150 अन्य फोन, आईपैड, मैकबुक समेत करीब 1.80 करोड़ रुपए का सामान चोरी किया था। पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप और पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम के निर्देशन में स्पेशल टीमों का गठन किया था। पुलिस की टीम ने करीब 1000 किलोमीटर की दूरी तय की। साथ ही 300 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। देवास, इंदौर, उज्जैन, मुंबई से प्राप्त सूचनाओं को एकत्र किया और 1000 से ज्यादा कॉल डिटेल्स का विश्लेषण किया।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने मोबाइल शॉप में करोड़ों रु. के गैजेट्स चुराने वाले बदमाशों की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी।

साइबर टूल्स और तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई गई। इसके बाद पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने इस मामले में मास्टरमाइंड सफान खान (30) पुत्र अनवर खान निवासी बड़वानी मध्य प्रदेश हाल जूनी इंदौर, राम भरोसे पटेल (27) पुत्र महेश पटेल निवासी देवास मध्य प्रदेश हाल खदराना इंदौर, जतिन हाड़ा (18) पुत्र ओमप्रकाश हाडा निवासी देवास मध्यप्रदेश व राजेश उर्फ खन्ना उर्फ मामा (45) पुत्र अजय सिंह निवासी देवास मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया गया है।

इनके साथ चोरी का माल खरीदने वाले समीर अहमद शेख (38) पुत्र मोहम्मद रफीक शेख निवासी गवंडी (मुंबई) हाल खारघर (मुंबई) को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों के कब्जे से 74 नए आईफोन, 11 नए आईपैड, एक मैकबुक, 13 नए रियलमी फोन बरामद किए हैं। आरोपी सफान खान के कब्जे से 15 इस्तेमाल किए गए आईफोन और एक लाख रुपए नकद भी बरामद किए गए हैं। आरोपी राम भरोसे पटेल के कब्जे से 7 पुराने आईफोन 1 लाख रुपए नकद बरामद किए गए हैं। आरोपी जतिन हाड़ा के कब्जे से 7 पुराने आईफोन और आरोपी राजेश उर्फ खन्ना के कब्जे से 16 इस्तेमाल किए गए फोन और 1.25 लाख रुपए नकद बरामद किए गए हैं। कुल मिलाकर आरोपियों के कब्जे से 3.85 लाख रुपए बरामद किए गए हैं।

- **पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से डेढ़ करोड़ रु. बाजार कीमत के 74 नए आईफोन, 10 आईपैड और 13 रियलमी फोन समेत अन्य सामान जब्त किया**
- **पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चुराए हुए करोड़ों रु. के मोबाइलों को बांग्लादेश में बेचने की तैयारी में थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें दबोच लिया**

पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने घटनास्थल से 50 किलोमीटर दूर मोटरसाइकिल चोरी की. उसकी सहायता से वारदात स्थल तक पहुंचे। जयपुर आने के लिए इंदौर से कार किराए पर ली थी। आरोपियों ने वारदात करते समय घटनास्थल से 50 किलोमीटर की दूरी पर अपने मोबाइल फोन और कार को छोड़ दिया था। वारदात से पहले ही मुंबई में चोरी का माल खरीदने वाले से बात कर ली थी।

खरीदार आरोपी समीर अहमद शेख लग्जरी फ्लैट में रहने और बेशकीमती गाड़ियां रखने का शौकीन है। महीने में आधा समय विदेश में गुजारता था। अपनी पहचान छुपाने के लिए कोई भी सोशल साइट नहीं चलता है। अपराध करने के लिए वर्चुअल नंबर प्रयोग में लेता था और इंटरनेट के माध्यम से ही बात करता था। सन 2021 में चोरी के मोबाइल खरीदने के जुर्म में पांच मामलों में जेल भी जा चुका है। चोरी के माल को भारत से बाहर बांग्लादेश में बेच देता था। वह इस माल को भी बांग्लादेश में बेचने की फिराक में था।

आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि दुकान मालिक रमीन्द्र सिंह मखीजा करीब 10 साल पहले इंदौर में जॉब करते थे। साथ में जॉब करने वाले दोस्त सफान खान को पता चला कि रमीन्द्र ने राजा पार्क में मोबाइल शोरूम खोल रखा है। उसका बिजनेस भी बहुत ही अच्छा चल रहा है। इंदौर से जयपुर आकर आरोपी दोस्त सफान खान ने मोबाइल शोरुम की रेकी की। इसके बाद मोबाइल शोरुम में बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए गैंग बनाई। आरोपी दोस्त ने चोरी के लिए रामभरोस पटेल से बात की। इसके बाद राजेश उर्फ खन्ना उर्फ मामा कंजर, जतिन कंजर व अमन को गैंग में शामिल किया। दुकान के अंदर घुसने वाला अमन अभी फरार है।

चोरी की पूरी वारदात को अंजाम देने के लिए फिल्मी स्टाइल में प्लानिंग की गई। मोबाइल शोरूम में वारदात को अंजाम देकर चोरी किए माल को बेचने के लिए मुंबई में खरीदार समीर अहमद शेख से कांटेक्ट किया। खरीदार समीर के चोरी के मोबाइल खरीदने की हामी भरने पर आगे का प्लान बनाया।